**खबर संक्षेप**

### पत्नी को लेने ससुराल गया युवक सात माह से लापता, पत्नी परेशान

**सतना।** मैहर थाना अंतर्गत मानपुर ग्राम निवासी श्रीमती उर्मिला चौधरी ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक मैहर को आवेदन प्रस्तुत कर सात माह से लापता अपने पति की तलाश कराये जाने का आग्रह किया है। फरियादिया ने बताया है कि उसका पति नरेश चौधरी 10 अक्टूबर 2023 को उसे मायके झांझबरी छोड़ने गया था,वह पति के साथ अपने दादा श्राद्ध में शामिल होने गयी थी। इसके बाद वह वापस आ गया। 12 अक्टूबर को पति नरेश चौधरी ने फोन करके बताया कि वह उसको लेने आ रहा है। उर्मिला ने बताया कि पति के कहे अनुसार वह तैयारी करके इंतजार करती रही,किन्तु वो नहीं पहुंचे,पति का फोन भी बंद बता रहा था। जेठ-जेठानी को फोन लगाने पर पता चला कि नरेश उसे लेने गये हुये हैं। फरियादिया ने बताया कि उसे ससुराल वापस लौटने पर पता चला कि पति के लापता होने के एक दिन पहले जानू सौदागर,मेहदी खान,सुधीर स्वीपर,बबलू प्रजापति सभी निवासी वार्ड नं. 9 ने नरेश के साथ बैठकर शराब पी थी। उसके पति के साथ चारों व्यक्ति थे। महिला ने आशंका जताई है कि इनके द्वारा पति के साथ कोई अप्रिय घटना करके मामले को रफा-दफा करने का प्रयास किया जा रहा है।

### आबकारी विभाग की टीम ने घर और दुकान से पकड़ा गांजा, आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** आबकारी विभाग की टीम ने दबिश देकर एक मकान और दुकान से गांजा जप्त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आबकारी विभाग के सूत्रों के मुताबिक शुक्रवार को कलेक्टर अनुराग वर्मा एवं सुश्री विभा मरकाम जिला आबकारी अधिकारी सतना के निर्देशन में वृत नागौद अंतर्गत सहायक जिला आबकारी अधिकारी लोकेश सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में वृत नागौद प्रभारी आशीष वाटिया द्वारा ग्राम बचवई तहसील नागौद थाना नागौद में आरोपी विजय कोरी के मकान एवं दुकान की विधिवत तलाशी में 2 किलो 186 ग्राम गाँजा जप्त कर उक्त आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस की धारा 8/20 (बी) के तहत प्रकरण कायम कर आरोपी को मौके पर गिरफ्तार किया गया है। मौके पर सुदर्शन विक्रमादित्य पाण्डेय परिवीक्षाधीन आबकारी उप निरीक्षक श्रीमती अंजली तिवारी,परिवीक्षाधीन आबकारी उप निरीक्षक एवं वृत में पदस्त आरक्षक अमित सिंह बघेल,मंगलदीन कॉल,आशुतोष तिवारी का योगदान महत्वपूर्ण रहा है।

### समर्थन मूल्य पर अब गेंहू की खरीद होगी 31 मई तक

**सतना।** जिले भर में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है। समर्थन मूल्य में गेंहू उपार्जन के लिए अंतिम तिथि 20 मई निर्धारित की गई थी। बड़ी संख्या में पंजीकृत किसानों के शेष रहने के कारण शासन ने गेंहू खरीद की अंतिम तिथि में वृद्धि की है। अब निर्धारित खरीदी केन्द्रों में 31 मई तक गेंहू की खरीद की जाएगी। शेष बचे पंजीकृत किसान अपनी सुविधा के अनुसार स्लॉट बुक करके समर्थन मूल्य में गेंहू उपार्जन का लाभ उठा सकते हैं।

### अब 31 मई तक होगी समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी

**अनूपपुर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मध्यप्रदेश द्वारा रबी विपणन वर्ष 2024-25 में कृषकों से समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की अवधि 20 मई 2024 तक बढ़ाई गई थी। अब यह अवधि 31 मई 2024 तक के लिए बढ़ा दी गई है। उक्ताशय की जानकारी जिला आपूर्ति अधिकारी बी.एस. परिहार ने दी है।


#### पल्सर मोटर साइकिल से आए थे दुकान, सिंधी कैंप की वारदात

## सर्राफा व्यापारी को नशीला पदार्थ सुंघाकर सोने के गहने ले उड़े बदमाश

सतना

कोलगवां थाना अंतर्गत सिन्धी कॉलोनी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लेवर चौराहे के निकट स्थित कंचन ज्वेलर्स के संचालक कुकूमल सोनी को कोई नशीली दवा सुंघाकर अज्ञात लुटेरे करीबन एक लाख रुपये का सोना लूट कर चंपत हो गये। लूट के शिकार हुये दुकान संचालक ने इस घटना की रिपोर्ट कोलगवां थाना में दर्ज करायी है।पुलिस घटना में जांच कार्यवाही कर रही है। नाकेबंदी की गई है और जगह -जगह जांच पड़ताल जारी है।

**...और ऐसे दिया घटना को अंजाम**




घटना के संबंध में कोलगवां थाने से मिली जानकारी के मुताबिक सिन्धी कैम्प स्थित कंचन ज्वेलर्स के संचालक द्वारा कोई नशीली दवा सुंघाकर सोने की एक अंगूठी व 10-15 ग्राम कच्चा सोना पार कर देने की शिकायत की गयी है। शिकायतकर्ता ने बताया कि पल्सर बाइक पर सवार होकर दो व्यक्ति उसकी दुकान कंचन ज्वेलर्स पहुंचे। इनके द्वारा सोने की अंगूठी खरीदने की बात कही गयी। दुकान संचालक ने बताया कि जब वह अंगूठी दिखा रहा था,इसी दरमियान इन युवकों ने उसे कोई नशीली दवा सुंघा दी। जिसके कारण कुछ देर के लिये उसकी चेतना लुप्त हो गयी। इस मौके का फायदा उठाकर दोनों युवकों ने सोने की अंगूठी और दुकान के अंदर रखा 10-15 ग्राम सोना चुरा लिया और पल्सर पर बैठकर भाग खड़े हुए। कंचन ज्वेलर्स के संचालक के हवाले से पुलिस ने बताया कि इस घटना के बाद कुछ देर तक वह हक्का-बक्का रह गया था। जब चेतना वापस आई तब सोना लूटे जाने की जानकारी हुई। फरियादी के मुताबिक उसने तुरन्त ही दुकान के बाहर निकलकर पल्सर सवारों की तलाश की। किन्तु किसी का कुछ पता नहीं चल सका।



**मौका ए वारदात पर पहुंची पुलिस**

घटना की सूचना मिलने पर कोलगवां थाना प्रभारी सुदीप सोनी दल-बल सहित मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थल निरीक्षण करने के साथ कंचन ज्वेलर्स के मालिक व आसपास के लोगों से आवश्यक पूछताछ की। पुलिस द्वारा शिकायत की पुष्टि करने के लिये कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिन्धी कैंप के निकट चौराहे में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक यह पता नहीं चल सका कि वारदात को अंजाम देने वालों का को फुटेज पुलिस के हाथ लगा कि नहीं।



## राज्य स्तरीय मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में अमित रजक ने जीता गोल्ड

सतना

माया कराते क्लब के तीन खिलाड़ियों ने देवास में हुई राज्य स्तरीय सीनियर पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में खिलाडिय़ों ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए अपने नाम मेडल किया। अमित रजक ने गोल्ड मेडल जीता,वहीं शिवेंद्र पांडे ने सिल्वर मेडल और धनेश सिंह ने भी सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। माया कराते क्लब के संचालक शिहान गुड्डू कनौजिया ने बताया कि आगामी 10 से 12 जून को उड़ीसा में होने वाली सीनियर नेशनल पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में अमित रजक का सिलेक्शन हुआ है जिसमें वह माया कराते क्लब के खिलाड़ी मध्य प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाडिय़ों की इस विशेष उपलब्धि पर सतना जिला पेंचक सिलाट एसोसिएशन के अध्यक्ष समाज सेवी शंभू शरण दुबे,माया कराते क्लब के अध्यक्ष डॉ हेमंत कुमार डेनियल,माया कराटे क्लब के उपाध्यक्ष विकास जोली,सतना जिला पेंचक सिलाट एसोसिएशन की सचिव चाहत केशरवानी,वीरेंद्र सहाय सक्सेना,प्रशांत श्रीवास्तव एवं समस्त माया कराते क्लब परिवार ने बच्चों को बधाई दी।

## नरवाई जलाने की 46 घटनायें सैटेलाईट मैपिंग में आई सामने

सतना।

उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विभाग मनोज कश्यप ने बताया कि ग्रीन ट्रीब्यूनल के निर्देशानुसार पर्यावरण सुरक्षा के लिए प्रदेश में धान एवं गेहूं की फसलों की कटाई उपरांत फसल के अवशेषों को खेतों में जलाये जाने को प्रतिबंधित किया गया है। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को समय-समय पर निर्देश जारी कर नरवाई से होने वाली आगजनित घटनाओं को रोकने के लिए नरवाई जलाने को प्रतिबंधित करने के लिए निर्देश दिये है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने कलेक्टर के निर्देशानुसार संबंधित अनुविभागीय अधिकारी को अपने स्तर से पटवारियों के माध्यम से आगजनित घटनाओं का तत्काल सर्वे कराकर आग लगाने वाले अवांछित तत्वों पर पृथक से दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। सेटेलाइट मानीटरिंग रिपोर्ट सिस्टम ने पूरे प्रदेश में नरवाई से लगने वाली आग की रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाती है। सतना जिले से सेटेलाइट मानीटरिंग रिपोर्ट संबंधित एसडीएम को भेजते हुए कार्यवाही की अपेक्षा की गई है। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास ने बताया कि कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय भोपाल से प्राप्त सैटेलाइट मॉनीटरिंग की रिपोर्ट अनुसार जिले जिले के अलग-अलग अनुविभागों में 9 मई को 36,10 मई को 4 और 14 मई को 6 स्थानों पर नरवाई जलाने की घटनायें रिकॉर्ड की गई हैं। उप संचालक कृषि ने संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारियों को सैटेलाइट मॉनीटरिंग की रिपोर्ट से अवगत कराते हुये जिला दंडाधिकारी के निर्देशों के अनुरुप कार्यवाही करने का अनुरोध किया है।

#### पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम, अब कराया जाएगा डीएनए

## थैले में मृत नवजात शिशु को लेकर अस्पताल पहुंची महिला, मचा हड़कम्प







सतना

शनिवार को सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ के बीच उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक महिला थैले में एक मृत नवजात शिशु को लेकर पहुंची। अस्पताल प्रबंधन को जानकारी मिलते ही तत्काल अस्पताल परिसर में स्थित पुलिस चौकी को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ की और पोस्टमार्टम कार्रवाई कराया। अब डीएनए की कार्रवाई की जाएगी। महिला की मानसिक स्थिति खराब बताई गई है। पुलिस पूरे मामले की तहकीकात कर रही है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक महिला का नाम सविता सिंह पति अभय सिंह परिहार उम्र 39 वर्ष निवासी जवाहर नगर गली नंबर 7 थाना सिटी कोतवाली के रहने वाली है। बताया जाता है कि जानकारी मिलने के बाद पुलिस उसके घर पहुंची थी जहां पर उसके पति को जानकारी दी गई की उसकी पत्नी अस्पताल पहुंची है और मृत बच्चों को लेकर गई थी। जानकारी मिलने पर महिला का पति अस्पताल पहुंचा उसने बताया कि उसकी पत्नी की लंबे समय से मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। पति ने पुलिस को बताया कि सुबह जब हम लोग उठे तो घर में खून के धब्बे थे पत्नी नहीं थी यह देखकर हम लोग डर गए। अस्पताल सूत्र बताते हैं कि महिला मृत बच्चों को लेकर गई थी और उसने पहले ओपीडी में पर्ची कटाई और उसके बाद डॉक्टर के पास उस बच्चे को लेकर गई थी और कहा था इसको चेक करो। जब अस्पताल कर्मचारियों ने देखा तो वे मृत नवजात को देखकर दंग रह गए।

## नक्शे के विपरीत निर्माण करने वालों पर नगर निगम कसेगा का शिकंजा

सतना

नगर निगम आयुक्त ने चेतावनी दी है कि अनुज्ञा के अनुरूप भवन का निर्माण न किये जाने पर भवन स्वामी के साथ अनुज्ञा प्रस्तुत करने वाले कंसलटेन्ट के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। डॉ.शेर सिंह मीना ने भवन निर्माण अनुज्ञा की समीक्षा करते हुये इस आशय के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। श्री मीना ने स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत कराये जा रहे कार्यों एवं नगर निगम के कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान ईडी ने गहरा नाले के कार्य एवं उमरी नाले का कार्य मई माह में पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उमरी नाले का कार्य मात्र 600 मीटर शेष है। इसी प्रकार से खेरमाई नाले का कार्य तेजी से कराये जाने के निर्देश दिये गये तथा नाला सफाई का कार्य प्रमुखता के साथ कराये जाने का निर्देश दिया गया।



**पाइप लाइन बिछाने का कार्य 30 जून तक पूरा करें**

शहर के जिन क्षेत्रों में पूर्व में पाइप लाइन नहीं बिछायी गयी है उनके लिये अलग से लिये गये प्रोजेक्ट में पाइप लाइन बिछाये जाने,तथा उच्च स्तरीय टंकियों के निर्माण की समीक्षा की गयी। जिसमें बताया गया कि तीन टंकियों का कार्य प्रगति पर है। ट्रांसपोर्टनगर की टंकियों का कार्य अभी प्रारंभ नहीं हुआ है,इसे शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश कमिश्नर दिये। इसके साथ ही पाइप लाइन बिछाने,रेस्टोरेशन का कार्य को तेजी से कराने हेतु मजदूरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश भी दिये गये। कमिश्नर ने कहा कि पाइप लाइन का कार्य 30 जून तक पूरा हो जाना चाहिये। बैठक में माइनर रोड,बाजार क्षेत्र के रोड,स्टेशन रोड के कार्य की समीक्षा की गयी। बाजार क्षेत्र में बनाई जा रही सड़कों की निर्माण की गति बढ़ाने ननि आयुक्त ने निर्देश दिये। वर्तमान में यह कार्य धीमी गति से चल रहा है।कमिश्नर ने कहा कि प्रतिदिन लगभग 440 मीटर सड़क बनायी जाये, साथ ही स्टेशन रोड की सड़क का कार्य लक्ष्य के अनुरूप शीघ्र पूर्ण कराया जाये।

**जल संशोधन गृह के कार्यों की धीमी गति पर जताई नाराजगी**

जल संशोधन गृह के उन्नयन संबंधी कार्यों की धीमी गति पर ननि आयुक्त डॉ.मीना ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि इसकी गति बढ़ाई जाये,बिल्डिंग एवं मैकेनिकल पार्ट के कार्य एस साथ चालू किये जाये। जिन मोटर को परिवर्तित किया जाना है,उन्हें क्रमशः परिवर्तित किया जाये।

### एचपी गैस एजेंसी ने उपभोक्ताओं से की अपील

**मानपुर।** भारत सरकार के आदेश अनुसार एवं हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन के निर्देशानुसार धानी एचपी गैस एजेंसी मानपुर के समस्त उपभोक्ताओं से आग्रह है कि सभी उपभोक्ताओं की ईकेवाईसी एवं सुरक्षा वेरिफिकेशन का कार्य किया जा रहा है और उपभोक्ताओं के गैस कनेक्शन में उपयोग की जाने वाली सुरक्षा पाइप बदलने का कार्य किया जा रहा है, आप सभी से आग्रह है कि अपने गैस कनेक्शन की ईकेवाईसी करवा ले तथा सेफ्टी वेरीफिकेशन करवाने में अपना सहयोग प्रदान करें, गैस कनेक्शन में प्रयुक्त होने वाली सुरक्षा नली जिसकी निर्धारित अवधि होती है तथा एक्सपायरी डेट होती है

### नये सिविल सर्जन डॉ.मनोज शुक्ला ने संभाला पदभार, डेढ़ दशक से अस्पताल में दे रहे हैं सेवाएं



**सतना।** सरकारी अस्पताल सतना के नये सिविल सर्जन डॉ. मनोज शुक्ला ने शनिवार को पदभार ग्रहण कर लिया है। मेडिकल स्पेशलिस्ट के रूप में करीबन डेढ़ दशक से जिला अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहे श्री शुक्ला की पदोन्नति का आदेश स्वास्थ्य संचालनालय भोपाल द्वारा जारी किया गया है। बताया जाता है कि श्री शुक्ला को सिविल सर्जन के पद पर पदोन्नति प्रदान की गयी है। नये सिविल सर्जन के पदभार ग्रहण के अवसर पर आरएमओ डॉ.शरद दुबे,डॉ.सुधीर सिंह,डॉ.अतीक खान सहित अनेक डॉक्टर एवं अस्पताल के कर्मचारी,नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने श्री शुक्ला को पदभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं दीं। बताया गया है कि डॉ.केएल सूर्यवंशी को स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रभारी सिविल सर्जन के रूप में जिमेदारी सौंपी गयी थी। उनका रिटायरमेन्ट दिसंबर 2024 में है। शासन के आदेश पर डॉ.शुक्ला ने पदभार ग्रहण किया।

## एकेएस वि.वि.के विकास सेल में इंटर्नशिप कार्यक्रम

**सतना।** एकेएस वि.वि.के विकास सेल में इंटर्नशिप कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। जिसका उद्देश्य छात्रों के व्यावहारिक कौशल को बढ़ाना है। हैकथॉन प्लेटफ़ॉर्म का लाभ उठाते हुए, प्रतिभागियों को एकेएसयू लेटर ऑर्गनाइज़र और सेंडर नामक एक विशेष परियोजना विकसित करने का काम सौंपा गया था। इस पहल ने विभिन्न क्षेत्रों के व्यक्तियों के उल्लेखनीय योगदान के साथ एक सहयोगात्मक प्रयास प्रदर्शित किया। इसमें स्मिता गुप्ता,आरती प्रजापति और शिवानी वर्मा फ्रंट-एंड डेवलपमेंट का नेतृत्व कर रही हैं,कुलदीप विश्व कर्मा और रतन प्रजापति बैकएंड ऑपरेशंस की देखरेख कर रहे हैं,अंकित शाह,एआई मॉडल एकीकरण चला रहे हैं जिसके सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। एकेएस के प्रो चांसलर अनंत कुमार सोनी ने इस पहल की सराहना की है। एकेएस डेवलपमेंट सेल के निदेशक डॉ.अखिलेश ए.वाऊ के मार्गदर्शन और उद्योग संरक्षक अनुराग गर्ग के साथ प्रशिक्षुओं ने लगन से काम किया और सभी मिलकर परियोजना के उद्देश्यों को साकार कर रहे हैं।



## रामवन में चित्रकला छाया प्रदर्शनी का हुआ उद्घाटन





सतना

संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय म.प्र.भोपाल के तत्वाधान में कार्यालय संग्रहाध्यक्ष शासकीय तुलसी संग्रहालय रामवन जिला सतना में आयोजित विश्व संग्रहालय दिवस के उपलक्ष्य में राग रागिनी चित्रकला छायाचित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन शनिवार को संकुल प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सज्जनपुर शरवीन्द्र श्रीवास्तव के द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस मौके पर छायाचित्र प्रदर्शनी में लगभग 200-250 छात्र-छात्राओं एवं दर्शकों द्वारा अवलोकन किया गया। प्रदर्शनी आम नागरिकों के लिए 18 मई से 22 मई 2024 तक प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक निःशुल्क खुली रहेगी।

## खबर संक्षेप

### घरेलू विद्युत उपकरण मरम्मत का निःशुल्क प्रशिक्षण 21 मई से

**पन्ना।** भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में आगामी 21 मई से 19 जून तक 30 दिवसीय घरेलू विद्युत उपकरण मरम्मत का निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण में घरों में उपयोग होने वाले सभी इलेक्ट्रिक उपकरणों की मरम्मत से संबंधित समस्त प्रकार के कार्यों को रिपेयरिंग करना सिखाया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान रहने एवं चाय, नाश्ता व भोजन की उच्चतम गुणवत्ता की संपूर्ण व्यवस्थाएं भी निःशुल्क रहेंगी। इच्छुक आवेदक 21 मई 2024 तक संस्थान में संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं। संस्था के निदेशक ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए आवश्यक दस्तावेज निर्धारित हैं। आधार कार्ड, बीपीएल कार्ड या जॉब कार्ड अथवा ई-श्रम कार्ड के साथ न्यूनतम कक्षा 8वीं उत्तीर्ण की अंकसूची और आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, 6 पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो तथा सभी दस्तावेजों की दो प्रतियों में छायाप्रति आवेदन में संलग्न करना अनिवार्य है। पन्ना जिले के मूल निवासी ग्रामीण क्षेत्र के आवेदक निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए आरसेटी संकाय जितेन्द्र सिंह के मोबाइल नंबर 8319006700 पर संपर्क किया जा सकता है।

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक कल

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार, 20 मई को टीएल बैठक के उपरांत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गई है। इस दौरान जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों व शालाओं एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल की समीक्षा सहित समूह जल प्रदाय योजनाओं तथा एकल ग्राम योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी होगी। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड महेन्द्र सिंह ने संबंधित अधिकारियों से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

रेत माफियाओं ने दिन रात बिना ठेका के रेत निकालकर दिखायी दबंगई

# सफेदपोशों की मिलीभगत से रेत माफियाओं के सामने नतमस्तक हुआ जिला प्रशासन

पन्ना। जिले की अजयगढ़ तहसील में केन नदी अब धारा बहने के लिये नहीं बल्कि डबरों में तब्दील होने के हालात लेकर स्वयं दुर्दशा को कर रही बयां, जिम्मेदार खनिज विभाग कार्यवाही के नाम पर मजबूर हालात वहीं केन नदी में अवैध रास्ता निर्माण कर कहीं से रेत निकालने का कारोबार गहराई का भी कोई मापदण्ड नहीं जहां तक रेत निकले वहां से रेत निकाली जा रही है



जलीय जीव जंतुओं की जान जल में ही ली जा रही है यहां एनजीटी के नियमों का पालन कौन करा रहा ? प्रशासन बना सफेद पोस धारियों की रणनीति के चलते अंजान। जिले की केन नदी का अस्तित्व समाप्त करने को लेकर माफिया रेत निकालकर रात्रि व दिन का खेल खेल रहे है। गौरतलब बात यह है कि पन्ना जिले में केन नदी में कोई ठेका नहीं फिर भी नदी में रेत शायद ही कहीं नजर आ जाये अब खेल नदी के अंदर जहां तक रेत मिल सके वहां से निकाली जा रही साथ ही नदी में कभी जहां धारा बहती थी वहां डबरों में तब्दील हो गई साथ ही जलीय जीव जंतुओं का प्रतिदिन नाश किया जा रहा है उनकी जान की परवाह रेत के कारण नहीं यहां कहां एनजीटी के नियमों का पालन हो रहा है। साथ ही जब ठेका नहीं तो रेत नदी से पन्ना जिले की सीमा के अंदर से माफिया जो सतत निकाल रहे है आखिर इन्हें किस तरह से बिना ठेका रेत निकालने की मंजूरी रात्रि हो या दिन केन नदी में अवैध रेत उत्खनन का कारोबार थमने का विराम नहीं ले रहा। यहां इससे साफ जाहिर होता है कि जिम्मेदार प्रशासन मजबूर नजर आ रहा है इस इसके पीछे सफेद पोशधारियों की रणनीति माफियाओं के ऊपर बर्धस्थ माना जाता है। तभी तो अवैघ रेत का उत्खनन सतत उसी तरह जारी है बिना नियम व बिना खौफ के प्रशासन का कोई भय नहीं नियमों का पालन कैसे किया जाता है। अब इस जिले में रेत के कारोबार में कुछ कह पाना कठिन है। क्या केन नदी का अस्तित्व समाप्त करके जो हालात पैदा किये जा रहे है केन नदी के किनारे बसे गांवों को जल जीवन जो आज केन नदी से बना हुआ है वह कैसे बच पायेगा। अब प्रशासन की मजबूरी अगर इसी तरह बनी रही तो वह दिन दूर नहीं जब गांव की जनता केन नदी को लेकर वृहद आंदोलन की राह तय करेगी। ताकि केन नदी के किनारे बसे गांवों का जीवन सुरक्षित रहे। हालात वास्तविकता में केन नदी के देखते ही बनते है जहां केन का स्वरूप माफियाओं ने बदल दिया नदी को तालाब जैसे डबरों में तब्दील कर दिया। स्वयं का हित व कारोबार के चलते माफिया सब पर भारी प्रशासन माफियाओं के सामने बोना साबित इसके पीछे सत्ता की ताकत को नकारा नहीं जा सकता जिसके चलते आज केन नदी का अस्तित्व खतरे में जा पहुंचा है। कहने को जनता के सेवक जनप्रतिनिधि पर यहां जनता की परवाह नहीं केन नदी में केन के किनारे बसे गांवों का जीवन भावी समय में जल संकट को लेकर जाना जायेगा।

# ककरहटी उप डाकघर अधीक्षक की मनमानी पन्ना से चला रहे पोस्ट आफिस



### ककरहटी सहित क्षेत्र के लोगों को होती है परेशानी

**देवेंद्रनगर।** इंडिया पोस्ट का उपड़ाक घर मोजूद है और जो जानकारी प्राप्त हुई है उसके अनुसार अभिषेक खरे अधीक्षक पदस्थ हैं। अधीक्षक ना तो कभी ककरहटी आते हैं और ना ही आमजन के कोई कामकाज से इनको मतलब है। यही नहीं इनके अधीन आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों के डाक आफिस में पदस्थ कर्मचारी ही ककरहटी उप ड़ाकघर को संचालित करते हैं। और ग्रामीण क्षेत्र के अपने आफिस तक नहीं पहुंचते हैं। जब भी इन लोगों से इस बारे में वात की जाती है तो है तो कोई ना कोई बहाना बना दिया जाता है। वहीं उप डाकघर

### कभी भी तत्काल जमा नहीं होता पैसा ना रजिस्टर्ड होती डाक

ककरहटी के अधीक्षक अभिषेक खरें ने ककरहटी उपड़ाक घर की हालत बद से भी बद्तर कर दी है। डाकघर से संबंधित शासन की बित्तीय योजनाओं की जानकारी के लिए भी लोगों को भटकना पड़ता है पर उप डाकघर अधीक्षक नहीं मिलते हैं। लोगों द्वारा पैसा जमा करने बाद भी 2-3 दिन तक रशीद के लिए इंतजार करना पड़ता है।वही डाक रजिस्टर्ड करवाने में दो - दो दिन तक लोगों को भटकया जाता है। वरिष्ट अधिकारीयों का संरक्षण प्राप्त अभिषेक खरें को किसी का भी डर नहीं है।और वह चाहते हैं की पन्ना से ही ककरहटी का उप डाकघर चलता रहें डाक घर की हालत बेहद खराब हो चुकी है। यह ककरहटी नगर के लिए चिंता का बिषय है।

# आजादी के 77 सालों बाद भी आवागमन के लिए सड़क को मोहताज ग्रामीण

### जेके सीमेंट प्लांट से चंद कदमों की दूरी पर ग्राम पुरवा का मामला

**पन्ना।** पन्ना जिले के पवई जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत पगरा के मजरा पुरवा निवासी ग्रामीण आजादी के 77 सालों बाद भी सड़क निर्माण के इंतजार में हैं। सड़क नहीं होने से गांव का विकास रुका हुआ है, बरसात में आवागमन लगभग ठप्प हो जाता है, बच्चे स्कूल नहीं जा पाते गांव के किसान अपने उत्पाद बाजार नहीं पहुंच पाते, किसी बीमार व्यक्ति के इलाज या गर्भवती महिला को डिलीवरी के लिए अस्पताल ले जाना भी मुश्किल होता है। लोगों को इमरजेंसी वाहन 108 एंबुलेंस, जननी एक्सप्रेस या डायल हंड्रेड जैसी सुविधाओं का लाभ भी नहीं मिल पाता, प्रतापी लोधी ने बताया कि कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंप कर सड़क निर्माण की मांग उठाई गई लेकिन किसी के भी द्वारा ध्यान नहीं दिया गया जिससे समस्या बरकरार है। लक्ष्मण प्रसाद लोधी ने बताया कि गांव के 2 रास्ते हैं मुख्य



मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढे हैं, गर्मियों और सर्दियों में तो लोग किसी तरह आवागमन कर लेते हैं, लेकिन बरसात के दिनों में आवागमन कठिनाइयों भरा होता है। गांव में केवल 5वीं तक स्कूल है आगे की पढ़ाई के लिए बच्चे जब गांव से निकलते हैं तो स्कूल पहुंचने से पहले ही पूरी तरह से कीचड़ से लथपथ हो जाते हैं, बीमार व्यक्ति या गर्भवती महिला को चारपाई पर लिटा कर मुख्य मार्ग तक ले जाना पड़ता है वहां से किसी वाहन के माध्यम से अस्पताल पहुंचते हैं, यहां के लोगों को इस आधुनिक युग में भी कठिनाईयों से गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मीडिया के माध्यम से अधिकारियों जनप्रतिनिधियों और शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करवाते हुए अति शीघ्र सड़क निर्माण की मांग उठाई है। ताकि ग्रामीणों की परेशानी दूर हो और गांव का विकास हो सके।

# कागजी कोरम पूर्ति करके हप्प हो गई सड़क निर्माण की राशि?

### मामला जनपद पंचायत गुनौर की ग्राम पंचायत श्यामरडांडा का

**गुनौर।** मध्य प्रदेश के किसी भी जिले में अगर भ्रष्टाचार सबसे ज्यादा देखना है तो जनपद पंचायत गुनौर की ग्राम पंचायत श्यामल डांडा में आइऐगा? क्योंकि यहां पर सचिव एवं पंचायत प्रशासन की भ्रष्ट कार्य प्रणाली के चलते विकास कार्य के साथ-साथ अन्य मदों की राशि भ्रष्टाचार की नांद में समा रही है। और यह भ्रष्टाचार कुछ ऐसा वैसा नहीं है बल्कि नीचे से ऊपर तक मिल रही कमीशन खोरी के आगे सड़क निर्माण की राशि को ही काव्य पुराण पूर्ति में दफन कर दिया गया है जिससे ग्रामवासी खासे नाराज हैं?

क्या है मामला- ग्राम पंचायत के रहवासियों के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ग्राम



पंचायत श्यामल डांडा में मुख सड़क मार्ग से मुरलीधर परौहा के खेत तक सड़क निर्माण कराए जाने हेतु विधायक निधि से 500000 की राशि षग्रोवल रोड (मुरमीकरण) हेतु जिला योजना मंडल के तहत दिनांक 14/04/2023 को स्वीकृति प्रदान की गई थी उसके बाद इस सड़क का मुर्गी करने के तहत निर्माण कार्य कराया जाना था। मगर भ्रष्ट पंचायत प्रशासन के द्वारा पूर्व से बनी रोड में ही थोड़ी बहुत मर्म डालकर उसे दिखाकर सारी राशि की बंदर बांट कर ली गई है। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी पंचायत जनपद पंचायत के प्रशासनिक अधिकारियों को ना हो बल्कि सभी को जानकारी होने की बावजूद भी कमीशन खोरी की नियति के चलते ओके विकास कार्य की राशि को वंदरबांट कर लिया गया है। जो बेहद चिंता एवं खेद का विषय है । जनता जनार्दन की जिले के नवागंतुक न्याय प्रिय कलेक्टर से गुजारिश है कि विकास कार्य के नाम पर आई हुई राशि को जिस तरह से भ्रष्टाचारियों द्वारा बंदरबांट की जाकर कागजों में रोड को दर्शाया गया है इसकी जमीनी तहकीकात कराई जाकर संपूर्ण राशि पंचायत प्रशासन से बासुरी की कार्यवाही कराई जाए अन्यथा ग्राम पंचायत के वासी जिला कलेक्टर के सम्मुख इस भ्रष्टाचार की कलई खोलने के लिए जल्द ही पहुंच रहे हैं और आंदोलन का खाता तैयार किया जा रहा है।

**इनका कहना है -**

सचिव ग्राम पंचायत श्यामलडांडा को फोन लगाया फोन रिसीव नहीं किया। जनपद पंचायत गुनौर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक चतुर्वेदी को इस संबंध को लेकर फोन लगाया ? फोन स्विच ऑफ रहा।

# जिले के रैपुरा तहसील अंतर्गत ग्राम बगरौड़ में पंचायत द्वारा कराये जा रहे बोरबेल से अचानक निकली गैस, मचा हड़कम्प

**पन्ना।** आखिर बोरबेल से जो गैस निकली है वह क्या है बना जांच का विषय साथ ही जिस तरह से बोरवेल किया गया उसे ढाकने को लेकर स्थाई प्रबंध क्या किये गये कहीं खतरे की घंटी न हो जाये तबाही का मंजर न बन जाये दास्तां जिले के रैपुरा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बगरौड़ में बोरवेल कराये जाने के दौरान निकली गैस का मामलाआखिर पानी की आपूर्ति को लेकर इन दिनों बोरवेल अक्सर कराये जाते है मामला जिले के रैपुरा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बगरौड़ में जहां पंचायत द्वारा बोर कराया जा रहा था इसी दौरान अचानक गैसे निकलने से हडकम्प जैसे हालात मच गये। ग्रामीणों द्वारा माचिक की तीली जलाकर गैस को परखने का कार्य किया गया जिससे आग भड़क गई फिर क्या था ग्रामीणों ने उस बोर को मिट्टी एवं डक्कन से बंद कर दिया। अब यह मामला कहीं न कहीं संवेदनशीलता को लेकर जुड़ चुका है। समय रहते सबसे पहले उस बोरवेल को स्थाई रूप से सुरक्षा के मापदण्ड का ख्याल रखते हुये बंद करने की दास्तां तय करनी होगी वहीं इस बोरवेल से जो ज्वलनशील गैस निकली वह क्या है जो अपने आप में जांच का विषय है। प्रशासन को समय रहते इसमें त्वरित नजर रखनी होगी वरना ग्रामीण किसी भी खतरे को अंजाम दे सकते है। देखना यह है कि प्रशासन कब इसकी जांच करके आगे क्या दिशा तय करेगा यह तो आगे आने वाला वक्त ही तय करेगा। पहले भी कुछ समय पूर्व गुनौर तहसील अंतग्रत ग्राम झुमटा में भी इसी तरह गैस निकलने की खबर चर्चा में रही अब क्या हालात है कुछ कह पाना कठिन। रैपुरा तहसील के बगरौड़ ग्राम पंचायत की खबर इस गैस को लेकर शोसल मीडिया में चर्चा का विषय है।



# ग्रीष्मकाल में पेयजल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करें: संभागायुक्त डॉ. रावत

### कमिश्नर ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**पन्ना।** जिले के समस्त प्रगतिरत महत्वाकांक्षी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ एवं निरंतर मॉनिटरिंग कर समय सीमा में पूर्ण किया जाए। ग्रीष्मकाल के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की निरंतर उपलब्धता एवं आवश्यक होने पर परिवहन भी सुनिश्चित किया जाए। जल जीवन मिशन की परियोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए स्थायी जलस्त्रोत का चिन्हांकन किया जाए एवं कंट्रोल रूम का गठन कर नंबर भी सार्वजनिक करें। संभागायुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने यह निर्देश शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई विभिन्न विभागों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक के अवसर पर दिए। उन्होंने मतगणना की तैयारियों की समीक्षा कर मतगणनाकर्मियों के प्रशिक्षण एवं अन्य जरूरी व्यवस्थाओं के संबंध में भी निर्देशित किया। कमिश्नर डॉ. रावत ने कहा कि सभी राजस्व न्यायालयों के लंबित प्रकरण प्राथमिकता के साथ निराकृत करें। नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा के मामलों में अविलंब निराकरण सुनिश्चित हो। सीमांकन के समस्त आवेदनों को अनिवार्य रूप से रजिस्टर करें। समर्थन मूल्य पर उपार्जन कार्यों की समीक्षा के दौरान उपर्जित स्कंध और किसानों को भुगतान के बारे में जानकारी ली। उन्होंने छात्रवृत्ति के प्रकरणों में विद्यार्थियों के घर-घर संपर्क कर शत प्रतिशत छात्रवृत्ति वितरण के लिए प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। सीएमएचओ से आगामी मानसून सीजन में वर्षाजनित बीमारियों की रोकथाम संबंधी तैयारियों के बारे में पूछा। इसके अलावा सभी नगरीय निकायों में बाढ़ की स्थिति में समय पूर्व आवश्यक तैयारी के निर्देश दिए। बंद व चालू नल जल योजनाओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारी से समस्याओं के निराकरण के लिए कहा। साथ ही पेयजल स्थिति की निरंतर मॉनीटरिंग के निर्देश भी दिए। पूर्ण



नल जल योजनाओं के हैण्डओवर व मेंटेनेंस इत्यादि कार्यों की जानकारी ली। संभागायुक्त ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को खाद्य प्रतिष्ठानों का सतत निरीक्षण कर लापरवाही पाए जाने पर कार्यवाही के निर्देश दिए। प्रयोगशाला जांच में अमानक स्तर का खाद्य सामग्री नमूना प्रमाणित पाए जाने पर जुर्माना राशि में बढ़ोत्तरी के लिए निर्देशित किया। उन्होंने गत दिवस जारी हुए बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों की समीक्षा भी की और नवीन शैक्षणिक सत्र में सभी शालाओं में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सार्थक प्रयास कर परीक्षा परिणाम में सुधार के निर्देश दिए। खाद, बीज एवं उर्वरक की निरंतर पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता के लिए कहा। साथ ही अटल भू-जल एवं अमृत सरोवर के कार्यों सहित लोक निर्माण विभाग एवं पीआईयू के प्रमुख कार्यों की समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने वरिष्ठ कार्यालय एवं कमिश्नर कार्यालय की समस्त शिकायतों के समय-सीमा में निराकरण के संबंध में भी जरूरी निर्देश दिए। गत माह में संपन्न संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक के बिन्दुओं के संबंध में भी आवश्यक चर्चा की गई।

जवाबदावा प्रस्तुत करने में न बरतें लापरवाही

कमिश्नर ने कहा कि हाईकोर्ट के विभिन्न लंबित प्रकरणों में प्रभारी अधिकारी द्वारा गंभीरतापूर्वक समय पर जवाबदावा प्रस्तुत किया जाए। जवाब प्रस्तुत होने तक इसकी नियमित रूप से समीक्षा भी हो। उन्होंने किसी भी प्रकार की लापरवाही पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की चेतावनी भी दी। उन्होंने विभागीय जांच के संबंध में नवीन पोर्टल की शुरूआत के बारे में अवगत कराया और सभी जिला अधिकारियों से समय पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर प्रकरणों की संख्या में कमी लाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सुरेश कुमार, जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय, उपायुक्त राजस्व विनय द्विवेदी, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, एसडीएम संजय नागवंशी, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार, तहसीलदार अखिलेश प्रजापति सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



### आंगनबाड़ी केन्द्र मड़ला के बच्चों से किया संवाद

कमिश्नर डॉ. रावत ने पन्ना प्रवास के दौरान मड़ला स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण भी किया। उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका से बच्चों को मिलने वाले पोषण आहार के बारे में जानकारी ली। यहां उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन भी किया। उपस्थित बच्चों से संवाद कर केन्द्र में मीनू अनुसार मिलने वाले नाश्ता व मध्यान्ह भोजन एवं अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी लेकर टॉफी भी वितरित की। बच्चों ने उत्साहपूर्वक अक्षर ज्ञान व खेल गतिविधियों के बारे में बताया।



कमिश्नर ने पर्यटक ग्राम मड़ला स्थित होम स्टे रमाबाई की बखरी पहुंचकर पर्यटकों के आगमन के मद्देनजर विकसित सुविधाओं का जायजा भी लिया। संचालक से होमस्टे की शुरूआत के बाद आए आर्थिक व सामाजिक परिवर्तन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी भी ली। उन्होंने होम स्टे में परंपरागत रूप से तैयार भोजन व ग्रामीण परिवेश के माहौल में पर्यटकों के माकूल होम स्टे के गत तीन वर्ष से सफल संचालन पर सराहना भी की। होम स्टे के कक्षों में पहुंचकर पुरातन शैली एवं शिल्पकला पर केन्द्रित सामग्री का अवलोकन किया। इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ को सभी होम स्टे पर सुविधाओं के विकास और रोजगार आधारित गतिविधियों के संबंध में कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। मड़ला में पर्यटन गतिविधियों के केन्द्र को और अधिक अच्छा व सुन्दर बनाने के निर्देश भी दिए। संभागायुक्त द्वारा ग्राम जरूआपुर में मनरेगा योजना के तहत तीन एकड़ क्षेत्र में विकसित पौधरोपण गतिविधियों का जायजा भी लिया गया।



### निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल भवन देखा

संभागायुक्त डॉ. रावत ने बायपास रोड स्थित निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल भवन का अवलोकन भी किया। कार्यस्थल पर उपस्थित अभियंताओं से निर्माण कार्य के बारे में जानकारी प्राप्त की और निर्बाध रूप से कार्य संचालित रखने के लिए कहा। स्कूल की मैप व डिजाइन भी देखी एवं पूर्ण व शेष कार्यों की जानकारी ली। बताया गया कि अलग-अलग ब्लॉक में निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल में शासन के निर्देशानुसार खेल मैदान व पार्किंग सहित अन्य सुविधाओं का विकास भी किया जाएगा। यहां सोलर पैनल भी स्थापित होगा। आगामी सितम्बर माह तक स्कूल भवन का कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य है।

खबर संक्षेप

## बीमारी से तंग आकर वृद्ध ने खाया जहर, मौत



**छतरपुर।** बमीठा कस्बा के रहने वाले एक 70 वर्षीय वृद्ध के द्वारा बीमारी से तंग आकर आत्महत्या के उद्देश्य से जहर खाए जाने की घटना सामने आई है। घटना के बाद परिजन वृद्ध को जिला अस्पताल लाया गया था जहां इलाज के दौरान वृद्ध ने दम तोड़ दिया। बमीठा निवासी श्याम विश्वकर्मा ने बताया कि उसके पिता भग्गू विश्वकर्मा उम्र 70 वर्ष पिछले काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। इसी बीमारी के चलते वे मानसिक रूप से परेशान हो गए और शुक्रवार की रात को उन्होंने घर में रखी सल्फास की गोलियां खा लीं, जिससे उनका हालत बिगड़ गई। घटना के बाद भग्गू को सीधे जिला अस्पताल लाया गया था लेकिन तब तक जहर पूरे शरीर में फैल चुका था। रात करीब 3 बजे इलाज के दौरान भग्गू ने दम तोड़ दिया। शनिवार को अस्पताल की पुलिस चौकी में मर्ग कायमी के उपरांत शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

## पुलिस ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में दिनांक 17 मई 24 की शाम रोड पेट्रोलिंग के दौरान थाना चंदला पुलिस को ग्राम बंजारी में एक युवक के अवैध हथियार कट्टा लेकर दहशत फैलाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना प्राप्त होते ही थाना प्रभारी निरीक्षक हरि सिंह ठाकुर ने पुलिस टीम को संदेही से संबंधित स्थान में भेजा। ग्राम बंजारी में नाला के पास पुलिस टीम पहुंची, पुलिस को आता देख संदेही ने भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर रोका गया। संदेही को चेक किया गया, जिसके पास एक अवैध 315 बोर का कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस मिला। आरोपी ने पूछताछ पर नाम ओमप्रकाश राजपूत उम्र 24 वर्ष ग्राम पतिपुरवा थाना चंदला जिला छतरपुर का होना बताया, जिसके विरुद्ध पूर्व में मारपीट, गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी संबंधी अपराध पंजीबद्ध है। आरोपी का यह कृत्य आयुध अधिनियम के तहत दंडनीय होने से 315 बोर का कट्टा,1 जिंदा कारतूस जप्त कर थाना चंदला में अभियुक्त के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया।

## सबमर्सिबल पंप चोरी करने वाले दो चोर पकड़े



**छतरपुर।** गत 16 मई 2024 की रात को गौरिहार थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत के बोर में लगे सबमर्सिबल पंप, केबिल सहित कुछ अन्य सामग्री अज्ञात ने चोरी कर ली थी, जिसकी रिपोर्ट पंचायत के चौकीदार सुरेन्द्र रैकवार ने थाने में दर्ज कराई थी। मामले को संज्ञान में लेकर गौरिहार पुलिस ने पंचायत की उक्त सामग्री चोरी करने वाले दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। चोरों के पास से चोरी का माल भी बरामद किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक उदयवीर सिंह तोमर ने बताया कि पकड़े गए चोरों के नाम धनीराम साहू उम्र 30 साल और संतोष अहिरवार उम्र 33 साल हैं, जो कि पलटा गांव के ही रहने वाले हैं। दोनों के कब्जे से चोरी का सबमर्सिबल मोटर पंप, केबिल, सपोर्टर रस्सी सहित करीब 25 हजार की संपत्ति बरामद की गई है। दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### भू-स्वामी के उलाहने से नाराज होकर गढ़ा में बटाईदार ने किया जानलेवा हमला

# पुरानी बुराई को लेकर उपजे विवाद में हुई थी अकौना के युवक की हत्या

### एक ही दिन में पुलिस अधीक्षक ने किया दो गंभीर अपराधों का खुलासा

छतरपुर

शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक अगम जैन के द्वारा खजुराहो थाना क्षेत्र में हुई युवक की हत्या और बमीठा थाना क्षेत्र में जानलेवा हमले की घटनाओं का खुलासा किया। बताया गया है कि खजुराहो थाना क्षेत्र में हुई हत्या की वारदात को पुरानी बुराई के कारण हुए विवाद के दौरान अंजाम दिया गया था। जबकि बमीठा थाना क्षेत्र में भू-स्वामी द्वारा बटाईदार को उलाहना दिए जाने के बाद बटाईदार ने उसके भू-स्वामी पर जानलेवा हमला किया था। दोनों घटनाओं को अंजाम देने वाले तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।





**पुरानी बुराई को लेकर हुए विवाद में की गई थी हत्या -**

सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक ने गत रोज खजुराहो थाना क्षेत्र में ग्राम अकौना के सत्तीपुरा में हुई हत्या की घटना का खुलासा करते हुए बताया कि मृतक लक्ष्मण कुशवाहा निवासी सत्तीपुरा का शव मिलने के बाद खजुराहो थाना प्रभारी उप निरीक्षक अतुल दीक्षित के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने भौतिक साक्ष्यों, परिजनों के कथन और स्थानीय लोगों से मिली सूचना के आधार पर गांव के ही दो संदेहियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की गई। पूछताछ में संदेहियों ने हत्या करना स्वीकार कर लिया, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों का नाम दिवाकर उर्फ दरियाव सिंह परिहार उम्र 28 साल और बृजमोहन कुशवाहा उम्र 26 साल हैं, जो कि सत्तीपुरा गांव के ही रहने वाले हैं। आरोपी दिवाकर सिंह ने बताया कि मृतक लक्ष्मण कुशवाहा के परिवार से उसके परिवार की पुरानी दुश्मनी थी। पूर्व में उसके परिजनों ने मृतक लक्ष्मण के पिता की हत्या की थी। 16 मई की रात वे तीनों पार्टी कर रहे थे, इसी बीच लक्ष्मण पुरानी बुराई को लेकर दिवाकर से झगड़ा करने लगा और उसे जान से मारने की नियत से सब्बल से उस पर हमला कर दिया। वार बचाने के बाद दिवाकर सिंह परिहार और बृजमोहन सिंह ने मिलकर लक्ष्मण को सब्बल मारकर उसकी हत्या कर दी। आरोपियों ने बताया कि साक्ष्य मिटाने के मंशा से उन्होंने मृत शरीर को भूसे के ढेर में छिपाया था। उल्लेखनीय है कि मुख्य आरोपी दिवाकर सिंह परिहार खजुराहो क्षेत्र के आदतन अपराधी है। उसके विरुद्ध छेड़छाड़, मारपीट और जुआ एक्ट के अपराध पहले से दर्ज हैं। आरोपियों के विरुद्ध हत्या एवं साक्ष्य मिटाने सहित अन्य धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।



**हत्या का प्रयास करने वाला बटाईदार पहुंचा जेल -**

बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ा से सामने आई हत्या के प्रयास की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि गत 9 मई 2024 को ग्राम गढ़ा निवासी सेवकराम चौबे ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि उसके पिता गनेश चौबे और बटाईदार सुरेश पटेल को किसी अज्ञात व्यक्ति ने जान से मारने का प्रयास किया है। सेवकराम की रिपोर्ट पर पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। बमीठा थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पक शर्मा द्वारा की गई जांच में पीड़ित गनेश चौबे के दूसरे बटाईदार पवन कुशवाहा उम्र 23 साल निवासी गनेशपुरा थाना गढ़ीमलहरा का नाम सामने आया, जिसे पुलिस ने हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की। पूछताछ में पवन कुशवाहा ने जुर्म स्वीकार कर लिया और बताया कि वह गनेश चौबे की जमीन बटाई पर लिये था। कुछ दिन पहले वह गनेश को बिना जानकारी दिए अपने घर चला गया था। करीब 6-7 दिन बाद जब वह वापिस लौटा तो गनेश चौबे ने उसे उलाहना दिया और इसी बात पर गुस्सा होकर उसने गनेश चौबे और पुराने बटाईदार सुरेश पटेल के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार किए जाने के बाद उसके विरुद्ध विधि सम्मत कार्यवाही की गई। उसे जेएमएफसी न्यायालय राजनगर में पेश किया गया है।



# पंचायतों में नहीं मिल रही मजदूरी, युवाओं के लिए भी नहीं रोजगार

**हरपालपुर।** वैसे तो बेरोजगारी संपूर्ण देश की समस्या है लेकिन इसका सबसे ज्यादा प्रभाव बुंदेलखंड अंचल में देखने को मिल रहा है। यही कारण है कि बुंदेलखंड के लोग प्रतिदिन बड़ी संख्या में महानगरों की रुख कर रहे हैं। बात करें हरपालपुर की तो, यहां के रेल्वे स्टेशन से हर रोज सैकड़ों परिवार दिल्ली, मुंबई जैसे बड़े शहरों की ओर जा रहे हैं। मजदूर वर्ग को स्थानीय स्तर पर मजदूरी का काम न मिलना और युवाओं के लिए जिले में रोजगार के अवसर न होना इस पलायन का मुख्य कारण है।

शनिवार को हरपालपुर रेल्वे स्टेशन पर पहुंचे मीडियाकर्मियों ने जब लोगों से बात की तो पता चला कि ग्राम पंचायतों में ज्यादातर कार्य मशीनों से कराए जा रहे हैं जिस कारण से लोगों को मजदूरी नहीं मिल रही, ऐसे में उनके सामने परिवार का भरण-पोषण करने की समस्या है और इसी कारण से वे अपने परिवारों को लेकर महानगरों की ओर जा रहे हैं। कई युवा भी स्टेशन पर मिले जिनका कहना था कि स्थानीय स्तर पर उन्हें किसी तरह का रोजगार नहीं मिल रहा है जबकि वे अच्छी खासी पढ़ाई करके बैठे हैं। उनके सामने भी कोई विकल्प नहीं है जिस कारण से अब वे बड़े शहरों में नौकरी की तलाश करने के लिए जा रहे हैं। ग्रामीण अंचलों का भ्रमण करने पर पता चला है कि ज्यादार गांवों की 80 फीसदी आबादी पलायन कर चुकी है। हालांकि पंचायत के कागजों में मनरेगा के तहत ग्रामीणों को काम मिल रहा है, जो कि संदेह के घेरे में है। हरपालपुर क्षेत्र के ग्राम सरसेड़ के ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें पंचायत द्वारा मनरेगा के तहत मजदूरी का काम तो मिल रहा है कि दिन भर की मजदूरी 200 रुपए मिलती है जो कि परिवार चलाने के लिए इस महंगाई के दौर में काफी कम है। बड़े स्तर पर पलायन होने का एक और कारण मौसम की मार भी बताया जा रहा है। दरअसल पिछले कुछ वर्षों से हर वर्ष फसलों पर प्राकृतिक आपदा जैसे सूखा, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि पड़ जाने के कारण खेती-किसानी करने परिवारों की कमर भी अब टूट चुकी है और ये परिवार भी महानगरों की ओर रुख कर रहे हैं।

### सावधान...! कहीं भारी न पड़ जाए जरा सी लापरवाही

# 80 साल की वृद्ध महिला जिसे समझ रही थी फुंसी, वह निकला कैंसर

छतरपुर

अगर आपके शरीर में किसी भी अंग पर कोई छोटी सी फुंसी अथवा गठान है तो सावधान हो जाईए क्योंकि जिसे आप मामूली सी गठान या फुंसी समझकर नजरंदाज कर रहे हैं वह कैंसर जैसी भयानक बीमारी हो सकती है। शहर के जिला अस्पताल से एक इसी तरह का मामला सामने आया है, जिसमें एक 80 वर्षीय वृद्ध महिला के द्वारा पिछले 1 साल से जिस गठान को फुंसी समझकर इलाज कराया जा रहा था वह चिकित्सकों की जांच में आंख की पुतली का कैंसर निकला है।

जिला मुख्यालय के समीपी ग्राम बजरंगगढ़ निवासी पप्पू सेन ने बताया कि उसकी 80 वर्षीय मां प्यारीबाई सेन को एक वर्ष पूर्व दांयी आंख के ऊपर छोटी सी गांठ उभर आई थी, जिसे शुरुआत में हम सभी ने फुंसी समझा। कुछ दिन तक जब फुंसी ठीक नहीं हुई तो पप्पू ने नेत्र चिकित्सक सहित अन्य चिकित्सकों से इलाज कराया। धीरे-धीरे लगभग एक वर्ष का समय बीत चुका है लेकिन अभी तक वह गांठ खत्म नहीं हुई है। तीन दिन पहले पप्पू अपनी मां को लेकर जिला अस्पताल आया था, जहां सीटी स्कैन कराया गया और कैंसर होने की संभावना चिकित्सकों को समझ में आई। जिसके बाद मरीज को जिला अस्पताल में पदस्थ पैथालॉजिस्ट डॉ. श्वेता गर्ग के पास भेजा गया। डॉ. श्वेता गर्ग ने बताया कि सर्वप्रथम उन्होंने मरीज की एफएनएसी (फ़ाइन नीडल एस्पिरेशन साइटोलॉजी) जांच कराई जिसमें प्यारीबाई सेन को आंख की पुतली का कैंसर निकला है।

डॉ. श्वेता गर्गा ने बताया कि फ़ाइन नीडल एस्पिरेशन साइटोलॉजी जांच में हम निडिल (सुई) से गांठ का सेम्पल लेते हैं। इस सैंपल से हम पता लगा पाते हैं कि मरीज को टीवी, वायरल इंफेक्शन अथवा कैंसर कौन सा रोग है। जांच में 99 प्रतिशत तक सही बात सामने आ जाती है। यह जांच काफी महंगी होती है और जिला अस्पतालों में जांच करने का प्रोटोकॉल नहीं है, लेकिन चूंकि डॉ. श्वेता गर्ग एक डायग्रोस स्पेशलिस्ट हैं इसलिए उनका प्रयास रहता है कि मरीज डायग्रोस के अभाव में परेशान न हो। उन्होंने बताया कि वे अभी तक तीन दर्जन से अधिक मरीजों की यह जांच कर चुकी हैं। डॉ. गर्ग ने अपील की है कि इस तरह की समस्या होने पर लोग जिला अस्पताल आकर तुरंत जांच कराएं ताकि समय पर इलाज किया जा सके।



### भीषण गर्मी और तेज धूप के कारण लोगों का हाल हुआ बेहाल

# सुबह 9 बजे से पड़ रही झुलसा देने वाले गर्मी, घरों में दुबके लोग



**छतरपुर।** जिले में लगातार बढ़ रहे तापमान के चलते लोगों का हाल बेहाल है। सुबह 9 बजे से ही झुलसा देने वाली गर्मी पड़ रही है। शहर में शनिवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री दर्ज किया गया, जो कि इस सीजन का सर्वाधिक तामपान था। दोपहर में सड़कों पर लोग गर्मी से बचाव करते नजर आए। कुल मिलाकर भीषण गर्मी और तेज धूप के कारण लोगों का बुरा हाल है।

लू चलने के कारण दोपहर के समय तो लोग घरों में दुबके रहने को मजबूर हैं। इतना ही नहीं भीषण गर्मी से लोगों की दिनचर्या भी पूरी तरह से बदल गई है। अब सुबह और शाम के वक्त ही लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। चिकित्सकों ने भी लोगों को ठंडे पेय पदार्थों का सेवन करने, भूखे पेट बाहर न निकलने, शरीर को ढक कर बाहर निकलने की सलाह दी है। बढ़ते तापमान से परेशान लोग गर्मी से बचने के लिए कोल्ड ड्रिंक, लस्सी, गन्ने का जूस, नींबू का शरबत, शिकंजी जैसे शीतल पेय पदार्थों का सेवन करते दिख रहे हैं। युवा कृष्णकांत मिश्रा बताते हैं कि शहर में पड़ रही भीषण गर्मी के चलते प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि चूंकि सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक भयानक गर्मी पड़ रही है जिस कारण युवाओं को शैक्षणिक संस्थानों तक इसी गर्मी के बीच जाना पड़ता है जिससे उनकी हालत खराब हो जाती है।

### जोर-शोर से चल रही अर्धनायिका यक्षिणी नाटक की तैयारी

# 2 जून को छतरपुर में होगा मंचन गांधी आश्रम में हो रही रिहर्सल



**छतरपुर।** आने वाली 2 जून को छतरपुर में अद्र्धनायिका यक्षिणी नामक नाटक का मंचन किया जाना है, जिसकी तैयारी कलाकारों के द्वारा शहर के गांधी आश्रम में की जा रही है। पिछले करीब 20 दिनों से कलाकार प्रतिदिन गांधी आश्रम पहुंचकर मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के 2014 बैच के छात्र लखन अहिरवार की देख-रेख में प्रशिक्षण ले रहे हैं। लखन अहिरवार ने बताया कि अद्र्धनायिका यक्षिणी नाटक बिहार की प्रख्यात यक्षिणी के जीवन पर पर आधारित है। उन्होंने बताया कि यक्षिणी की एक प्रतिमा का निर्माण सम्राट अशोक के काल में किया गया था, जिसे कालांतर में विदेशी आक्रांताओं ने खंडित कर दिया गया और वह खंडित प्रतिमा वर्तमान में बिहार के एक संग्रहालय में रखी हुई है। लखन ने बताया कि नाटक की पहली प्रस्तुति आने वाली 2 जून को छतरपुर में होगी। इसके बाद प्रदेश की राजधानी भोपाल, बिहार के पटना, उत्तरप्रदेश के वनारस तथा लखनऊ और दिल्ली में नाट्य मंचन किया जाना है। उन्होंने बताया कि छतरपुर में पहला मौका है जब किसी म्यूजिकल और क्लासिकल नाटक की प्रस्तुति यहां होने जा रही है।

### विश्वविद्यालय में इस सत्र से बी.एस-सी. (ऑनर्स) कृषि पाठ्यक्रम प्रारंभ

# 16 मई से ऑनलाइन आवेदन शुरू 6 जून तक कर सकते हैं आवेदन

**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में इस सत्र से कृषि विज्ञान में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रतीक्षित एवं रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम बी.एस-सी.ऑनर्स कृषि(एग्रीकल्चर) प्रारंभ किया जा रहा है। कुलगुरु प्रो शुभा तिवारी के मार्गदर्शन में शुरू हुए इस नए पाठ्यक्रम में वर्तमान सत्र 2024-25 में 60 सीटों पर प्रवेश के लिये प्रवेश परीक्षा का आयोजन 23 जून 24 को प्रस्तावित है। मीडिया प्रभारी डा. एसपी जैन के मुताबिक 16 मई 2024 से एमपी ऑनलाइन के माध्यम से बी.एस-सी. (आनर्स) कृषि करने के इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन ऑनलाइन भर सकते हैं। इस चार वर्षीय(आठ सेमेस्टर) पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 06 जून 24 एवं फीस मात्र दस हजार रुपए प्रति सेमेस्टर निर्धारित की गयी है। प्रवेश परीक्षा से सम्बंधित विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं। कृषि संकाय की प्रवेश समिति के सदस्य डा केके गंगेले के अनुसार यदि आप कृषि, जीवविज्ञान अथवा गणित विषय समूह से 12 वीं पास कर चुके हैं एवं उच्च शिक्षा के लिये एक अच्छा विकल्प खोज रहे हैं , तो बी.एस- सी. कृषि आपके लिए एक बहुत शानदार विकल्प है। इस कोर्स के साथ छात्र कृषि एवं अनुसन्धान के क्षेत्र में एक शानदार भविष्य बना सकते हैं।कृषि संकाय के विधिवत संचालन हेतु कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल ने प्राध्यापकों की एक समिति बनाई है। प्रो पीएल प्रजापति को कृषि संकाय का प्रभारी बनाया गया है। जीव विज्ञान संकाय की संकाय अध्यक्ष डा अर्चना चौहान को डीन का दायित्व एवं वनस्पति विभाग की अध्यक्ष डा मंजूषा सक्सेना को कोर्स का समन्वयक बनाया गया है। डीएसडब्ल्यू एवं प्रवेश प्रभारी डा आरके पांडे को विशेष आमंत्रित सदस्य, डा केके गंगेले एवं सहायक कुलसचिव(अकादमिक) हितेश कोडापे को सदस्य बनाया गया है।

# पुलिस ने चोरी हुई ट्रेक्टर की ट्रॉली को 6 घंटे के अंदर किया बरामद

**छतरपुर।** दिनांक 17 मई 24 को फरियादी चंचल शर्मा निवासी नौगांव की ट्रैक्टर की ट्राली अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लेने की रिपोर्ट पर थाना नौगाँव में अपराध धारा 379 भादवि का पंजीबद्ध किया गया। पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा चोरी हुई सामग्री बरामद कर चोर की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया।

थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश सिंह एवं पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर शहर के चौराहों मार्गो एवं हर संभावित स्थानों में सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य माध्यम से तलाश की जा रही थी। निरीक्षण घटना स्थल एवं टेक्नीकल, मैकेनिकल साक्ष्यों के आधार पर ट्रेक्टर की ट्राली को ग्राम हतना थाना ओरछा रोड से जप्त कर चोरी करने वाले विधि विरुद्ध बालक उम्र 17 वर्ष थाना क्षेत्र खजुराहो को अभिरक्षा में लिया गया साथ ही कपलिंग कर ट्रॉली चोरी करने में प्रयुक्त वाहन आयशर कंपनी का ट्रैक्टर भी जप्त किया गया। विधि विरुद्ध किशोर को बाल सुधार ग्रह दाखिल किया जा रहा है एवं प्रकरण संबंधित अन्य आरोपी की तलाश पतारशी एवं विवेचना कार्यवाही जारी है।

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक सतीश सिंह थाना प्रभारी नौगांव, सउनि शिवदयाल, प्रआर प्रमोद शर्मा, देवीदास, गोविन्दास, आरक्षक जितेन्द्र, वीरेन्द्र बघेल, आदित्य सिंह, अजय साहू, नीलेश, राधा, अंकिता भदौरिया की भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### समर्थन मूल्य पर अब गेंहू की खरीद होगी 31 मई तक

**रीवा।** जिले भर में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है। समर्थन मूल्य में गेंहू उपार्जन के लिए अंतिम तिथि 20 मई निर्धारित की गई थी। बड़ी संख्या में पंजीकृत किसानों के शेष रहने के कारण शासन ने गेंहू खरीद की अंतिम तिथि में वृद्धि की है। अब निर्धारित खरीदी केन्द्रों में 31 मई तक गेंहू की खरीद की जाएगी। शेष बचे पंजीकृत किसान अपनी सुविधा के अनुसार स्लॉट बुक करके समर्थन मूल्य में गेंहू उपार्जन का लाभ उठा सकते हैं।

### स्टैंडिंग कमेटी की बैठक 20 मई को

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन की जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक 20 मई को दोपहर बाद 3 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जा रही है। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल रीवा संसदीय क्षेत्र की मतगणना के संबंध में की जा रही तैयारियों की जानकारी देंगी। सभी उम्मीदवारों तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

### रीवा में फिर चली गोली



**रीवा ।** जिले के रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र अंतर्गत गोरगाव मे एक युवक को बाइक सवार अज्ञात युवक ने गोली मार दी है। मिली जानकारी के अनुसार हेलमेट पहनकर वाइक से आए अज्ञात युवक ने तीन राउंड गोली चलाई जिसमें से एक गोली युवक के सर पर लगी है। गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल भेजा गया है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है वहीं चिकित्सा ने घायल युवक के सर के बाहरी हिस्से से गोली निकाल लिया है वहीं घायल युवक की स्थिति सामान्य है । घायल युवक देवेंद्र पटेल ने बताया कि आज सुबह वह घर के बाहर खड़ा था तभी एक युवक हेलमेट लगा कर आया जिसने गोली चलाना शुरु कर दिया इस दौरान एक गोली उसके सर पर लगी। युवक के सर के बाहरी हिस्से में गोली खोखा सहित मिली है। जिससे प्रथम दृष्टया पुलिस को यह मामला प्रतीत होता है कि शायद गोली चली ही नहीं है। बल्कि खोखा सहित गोली सर के बाहरी हिस्से में फसाया गया है।क्योंकि बंदूक से अगर गोली चालन की वारदात होती तो खोखा गोली के साथ सर के बाहरी हिस्से में फंसा नहीं मिलता अब पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है। वहीं घायल युवक ने अपने भाभी पर गंभीर आरोप लगाते कहा भाभी ने अपने पुराने मित्र से गोली चलवाया है। पुलिस इस पर भी जांच कर रही है फिलहाल युवक को उपचार संजय गांधी अस्पताल जारी है।

## कार्यशाला में दी गई सीबीयूडी एप तथा पोर्टल की जानकारी

# निर्माण कार्यों में सभी विभाग समन्वय से कार्य करें - कलेक्टर

### आधुनिक तकनीक उपयोग करके निर्माण कार्यों को बेहतर करें - कलेक्टर




**रीवा।** जिले भर में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न विभागों द्वारा बड़ी संख्या में निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। इन निर्माण कार्यों में कई बार निचले स्तर पर पूरी जानकारी न होने तथा समन्वय के अभाव में कठिनाईयाँ उत्पन्न हो जाती हैं। सड़क और नाली निर्माण के कार्य में पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होती है तो पाइपलाइन डालते समय सड़कों को नुकसान हो जाता है। इन परेशानियों को दूर करने के लिए जियो गूगल तथा सीबीयूडी मोबाइल एप का उपयोग अब किया जाएगा। इसकी एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला विन्ध्या रिट्रीट में आयोजित की गई। जल जीवन मिशन द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में प्रत्येक निर्माण कार्य को जियो टैगिंग के माध्यम से जिले, विकासखण्ड और ग्राम के नक्शे में दर्शाने का प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि आधुनिक सूचना संचार तकनीक का उपयोग करके निचले स्तर पर निर्माण कार्यों की कई कठिनाईयाँ दूर की जा सकती हैं। नवीन तकनीक का उपयोग करके निर्माण कार्यों को बेहतर करें। जब कोई पाइपलाइन अथवा सड़क क्षतिग्रस्त होती है तो परेशानी आमजनता को होती है। निर्माण कार्यों में यदि सभी विभागों में समन्वय हो तो ऐसी परेशानी नहीं होगी। इसके लिए जियो गूगल अर्थ और सीबीयूडी मोबाइल एप का उपयोग किया जाएगा। पीएचई विभाग के पोर्टल में जल जीवन मिशन तथा पीएचई विभाग द्वारा बनाई गई सभी नल-जल योजनाओं के इंटेक वेल, पाइपलाइन, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट आदि को दर्ज कर दिया गया है। नक्शे में इन्हें चिन्हित करके जनपद पंचायतों को उपलब्ध करा दिया गया है। कोई भी व्यक्ति पोर्टल पर जाकर इनकी लोकेशन देख सकता है। जब सड़क नाली तथा अन्य निर्माण कार्यों की तकनीकी स्वीकृति जारी की जाए तो उसमें पीएचई अथवा जल निगम की एनओसी का उल्लेख अवश्य करें। पोर्टल के माध्यम से इस बात को सुनिश्चित करें कि निर्माण कार्य से पेयजल की पाइपलाइन अथवा अन्य किसी भूमिगत निर्माण को क्षति न पहुंचे।

कलेक्टर ने कहा कि यह केवल किसी एक विभाग का कार्य नहीं है। निर्माण कार्यों से जुड़े सभी जिला स्तरीय अधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारियों को इसका प्रशिक्षण दें। साथ ही तकनीकी स्वीकृति जारी करने के संबंध में नए निर्देश जारी करके उसकी प्रति सोमवार को उपलब्ध कराएं। जल जीवन मिशन के अधिकारी भी इस बात का ध्यान रखें कि उनकी पाइपलाइन से सड़क, पुल आदि को किसी तरह का नुकसान न हो। अन्य विभागों से समन्वय बनाकर ही निर्माण कार्य करें। अन्य विभागों से जुड़े मुद्दों के संबंध में प्रत्येक सप्ताह आयोजित टीएल बैठक में अपनी बात रखें। समन्वय और सहयोग के साथ विकास योजनाओं का क्रियान्वयन करें।

बैठक में जल जीवन मिशन के महाप्रबंधक पीके गुरू ने सीबीयूडी मोबाइल एप की जानकारी दी। श्री गुरू ने कहा कि इस एप को सभी तकनीकी अधिकारी अपने मोबाइल फोन पर डाउनलोड कर लें। इस एप का अर्थ है कॉल बिफोर यू डिग। जब कोई भी निर्माण एजेंसी किसी स्थान पर खुदाई करना चाहती है तो स्थान तथा खुदाई की लम्बाई-चौड़ाई सात दिवस पूर्व एप में दर्ज कर दे। सभी निर्माण से जुड़े विभागों को ई मेल तथा मोबाइल फोन पर इसकी सूचना पहुंच जाती है। यदि किसी विभाग को खुदाई में आपत्ति है तो वह तत्काल अपनी जानकारी दर्ज कर सकता है। इसके लिए हेल्पलाइन नम्बर 0755-2700802 पर भी सुविधा उपलब्ध है। पीएचई विभाग की नल-जल योजनाओं की जानकारी जियो पोर्टल डॉट एमपी डॉट जीओभी डॉट इन एमपीपीएचई अण्डर स्कोर न्यू पर उपलब्ध है। अब किसी भी निर्माण कार्य के लिए खुदाई करने पर इस एप में सात दिन पूर्व जानकारी दर्ज करना अनिवार्य है। बिना जानकारी दर्ज किए खुदाई करने पर प्रकरण दर्ज होगा। सभी कार्यपालन यंत्री अपने अधीनस्थ तकनीकी अधिकारियों को इस एप का प्रशिक्षण अवश्य दें। कार्यशाला में जल जीवन मिशन के जिला प्रबंधक चित्रांशु ने कार्यशाला के उद्देश्यों की जानकारी दी। कार्यशाला में सहायक कलेक्टर प्रपंज आर, लोक निर्माण विभाग पीएचई, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, पीआईयू, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जल संसाधन तथा अन्य सभी निर्माण से जुड़े विभागों के कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री, उपयंत्री एवं जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित रहे।

## निर्वाचन मानदेय भुगतान में कर्मचारियों के साथ भेदभाव

**रीवा ।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ प्रधान कार्यालय भोपाल के प्रांताध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्य प्रदेश भोपाल को संघ की ओर से पत्र सौपते हुए अनुरोध किया है कि प्रदेश के सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों नियमित, स्थायीकर्मी, दैनिक वेतन भोगी, अंशकालीन, कोटवार, अतिथि शिक्षक, आशा ऊषा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आऊट सोर्स जैसे सभी कर्मचारी पूरी निष्ठा एवं लगन के साथ निर्वाचन कार्य में विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में ड्यूटी करते हुए सहयोग किए हैं किंतु सभी कर्मचारियो को मानदेय से वंचित रखा गया है। निर्वाचन कार्य में मानदेय देने से कर्मचारियों में उत्साह और उमंग की अनुभूति होती है। जिस प्रकार पीठासीन अधिकारी,मतदान अधिकारी क्रमांक एक,दो,तीन को मानदेय दिया जाता है। अन्य संवर्ग के सभी कर्मचारी जिनकी ड्यूटी विशेष पुलिस अधिकारी एवम् अन्य कार्यो में लगाई गई है उन्हे भी सम्मान जनक मानदेय दिया जाना चाहिए। निर्वाचन क्षेत्र में लगे कर्मचारियों को मानदेय दिए जाने की परम्परा सदैव रही है। केंद्र एवम् राज्य सरकार द्वारा पर्याप्त मात्रा में बजट उपलब्ध कराए जाने के बाद भी जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मानदेय का भुगतान नहीं किया जाना खेद का विषय है। मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के उप प्रांताध्यक्ष एवम् जिला अध्यक्ष के.सी. त्रिपाठी ने भी सभी जिला निर्वाचन अधिकारी मध्य प्रदेश से अनुरोध किया है कि सभी कर्मचारियों को सम्मान जनक मानदेय दिया जाना चाहिए। वर्तमान विधान सभा,लोकसभा के साथ साथ पूर्व के लोकसभा, विधानसभा एवम् पंचायत चुनावों का मानदेय शेष है। आचार संहिता समाप्त होने के बाद संघ कर्मचारी हित मे आंदोलन की राह में जा सकते है।

## जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुई 955310 क्विंटल गेहूं की खरीद



**रीवा।** जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक अप्रैल से सहकारी समितियों द्वारा समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जा रही है। इस संबंध में प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि जिले में 18 मई तक 20510 किसानों से 955310 क्विंटल गेंहू की खरीद अब तक की गयी है। इसके लिए किसानों को 229 करोड़ 27 लाख 24 हजार की राशि मंजूर की गयी है। उपार्जित गेंहू का सुरक्षित भण्डारण कराया जा रहा है। अब तक खरीदे गये गेंहू में से 816360 क्विंटल गेंहू का परिवहन किया जा चुका है। अब तक किसानों के बैंक खाते में 148 करोड़ 51 लाख 770 रूपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। गेंहू खरीदी के लिए अब तक 25785 किसानों ने स्लॉट बुक किये हैं। गेंहू खरीदी की अंतिम तिथि शासन द्वारा बढ़ा दी गई है। अब निर्धारित खरीदी केन्द्रों में 31 मई तक गेंहू की खरीद की जाएगी।

## हर घर जल योजना के तहत अब परिवारों को मिलेगा स्वच्छ पेयजल



### कलेक्टर ने बाणसागर समूह जल प्रदाय परियोजना का किया स्थल निरीक्षण

**रीवा।** विन्ध्य की जीवनदायिनी बाणसागर बहुउद्देश्यीय परियोजना से अब सिंचाई की सुविधा के बाद घरों में शुद्ध पेयजल पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश जल निगम द्वारा रीवा और मऊगंज जिले के 1613 ग्रामों के 129388 परिवारों को स्वच्छ पेयजल घर में पहुंचाने की योजना प्रगतिरत है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने गत दिवस झिन्ना गांव में बाणसागर समूह जल प्रदाय योजना के निर्माणाधीन इंटेकवेल तथा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का अवलोकन किया। कलेक्टर ने जल निगम के अधिकारियों को समय सीमा में परियोजना क्रियान्वयन के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत झिन्ना के ग्राम डबरई में रीवा जिले



के लिए जल प्रदाय हेतु बनाए जा रहे 198 एमएलडी के इंटेक वेल निर्माण का निरीक्षण किया। इसी क्रम में कलेक्टर ने झिन्ना में 156 एमएलडी जल शोधन संयंत्र के निर्माण का भी जायजा लिया। जल निगम द्वारा सेंधवा घाटी में 4650 किलोलीटर क्षमता का पीएमईआर का निर्माण किया जा रहा है। रीवा जिले के 679 तथा मऊगंज जिले के 934 ग्रामों को 26 जोन में विभक्त कर 315 उच्च स्तरीय टंकियों द्वारा 4067.03 किमी की वितरण नलिकाओं से 129388 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन दिए जाएंगे। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने जल निगम के अधिकारियों से परियोजना की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली तथा गुणवत्ता के साथ इस अति महत्वाकांक्षी जन हितैषी परियोजना को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जल निगम के जनरल मैनेजर चित्रांशु ने कलेक्टर को इंटेक वेल, टंकी निर्माण तथा वितरण नलिकाओं की अद्यतन प्रगति से अवगत कराया। इस अवसर पर जल निगम के नीतेश सिंह सहित विभागीय अधिकारी तथा निर्माण से संबंधित एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




## उपार्जित गेंहू का तत्काल परिवहन कराएं - कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि जिले भर में गेंहू का उपार्जन लगभग अंतिम चरण में है। शासन द्वारा गेंहू उपार्जन की अंतिम तिथि 31 मई तक बढ़ा दी गई है। शेष बचे पंजीकृत किसानों को इस अवधि में उपार्जन की सुविधा दें। जिले के कुछ खरीदी केन्द्रों में बड़ी मात्रा में उपार्जित गेंहू भण्डारित है। असमय वर्षा से इसे हानि हो सकती है। उपार्जित गेंहू का तत्काल परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं। परिवहनकर्ता अतिरिक्त ट्रक लगाकर दो दिनों में उपार्जित गेंहू का शत-प्रतिशत उठाव करें। गेंहू के परिवहन में लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। परिवहन में लापरवाही बरतने पर आपराधिक प्रकरण दर्ज होंगे।

कलेक्टर ने कहा कि उपार्जित गेंहू का किसानों को तीन दिवस में भुगतान सुनिश्चित करें। परिवहन तथा भण्डारण समय सीमा में कराएं। किसी भी स्थिति में देयक लंबित न रहे। जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम परिवहनकर्ताओं को लंबित बिलों का तत्काल भुगतान करें। भुगतान में किसी भी तरह की कठिनाई होने पर तत्काल अवगत कराएं। कलेक्टर ने समय पर बिलों को प्रस्तुत न करने पर लेखाधिकारी नागरिक आपूर्ति निगम को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए। सरसों तथा चना के उपार्जन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि कुछ केन्द्रों में बड़ी मात्रा में सरसों की आवक हो रही है। इन केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। केवल पंजीकृत किसानों को ही समर्थन मूल्य पर उपार्जन का लाभ दें। किसी भी तरह की अनियमितता मिलने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम शिखा सिंह वर्मा, महाप्रबंधक सहकारी बैंक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, जिला प्रबंकधक वेयरहाउस कमल बागरी, सहायक आपूर्ति अधिकारी सुभाष द्विवेदी तथा परिवहनकर्ता उपस्थित रहे।

## जिले में 6 महीने से दवाओं की कमी फिर भी कचरे के ढेर में पड़ी मिली एक्सपायरी दवा



**रीवा ।** जिले मे एक ओर जहां रीवा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला रीवा को प्रदेश का मेडिकल हब बनाने की ओर अग्रसर हैं तो वहीं दूसरी ओर मेडिकल विभाग के जिम्मेदार ही उपमुख्यमंत्री के प्रयासों पर पानी फेरने का काम कर रहे। रीवा के सुपर स्पेलटी अस्पताल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही एक बार फिर निकल कर सामने आई है। एक ओर जहां मरीज शासन की योजनाओं के तहत मिलने वाली दवाइयो के लिए दर-दर भटक रहे हैं तो वहीं शनिवार को सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के बाहर भारी मात्रा में दवाईयों का अम्बार मिला। जिसको अस्पताल प्रबंधन इन दवाइयों को एक्सपायरी बता रहा है। संजय गांधी अस्पताल और सुपर स्पेशिलटी हास्पिटल बीते 6 महीने से दवाओं की कमी थी। जिसके चलते अस्पताल आने वाले मरीजों को दवा के लिए भटकना पड़ रहा था। इसके बावजूद भारी मात्रा में एक्सपायरी दवाओं का कचरे के ढेर में मिलना अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। बताया जा रहा है कि सुपर स्पेशिलटी हास्पिटल के पीछे स्थित कचरे के ढेर में भारी मात्रा में दवाईया पड़ी मिली है। कचरे के ढेर में एंटीबायोटिक के साथ साथ कई अन्य दवाइयां और इंजेक्शन पडे देखे गये है। वही अस्पताल प्रबंधन ने कचरे के ढेर में पड़ी दवाओं को एक्सपायरी बताकर अपना पल्ला झाड़ लिया है। लेकिन इस तरह से दवाओं के आभाव में दवाओं का एक्सपायरी हो जाना और फिर उसका कचरे के ढेर में मिलना कही ना कही जिम्मेदारो की लापरवाही को उजागर कर रहा है।

### इनका कहना है

यह जानकारी प्राप्त हुई है कि सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के पीछे कुछ एक्सपायरी दवाएं फेंकी गई हैं जिसकी जांच की जा रही है जो भी जिम्मेदार होंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**के.एल श्रीवास्तव अधीक्षक सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल रीवा**

## बाइक चढ़ने के शौक ने युवक को बना दिया चोर



### पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रीवा ।** बाइक चढ़ने के शौक ने एक युवक को चोर बना दिया। वह सिर्फ घूमने के लिए मोटर साइकिल चुराता था। पेट्रोल खत्म होने पर उसे रख देता था। जिले की समान थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से आधा दर्जन बाइक बरामद की हैं। शहर में लगातार चोरी जा रही बाइकों को बरामद करने के लिए पुलिस अधीक्षक ने सीएसपी रितु उपाध्याय को निर्देश दिए थे। उसके बाद से संदिग्ध वाहन चालकों की धरपकड़ की जा रही है। समान थाने की पुलिस ने गुरुवार को चेकिंग के दौरान एक युवक को पकड़ा। उसके पास दस्तावेज नहीं थे। पुलिस पूछताछ के लिए थाने ले आई। पूछताछ में उसने वाहन चोरी करने की घटनाअं को अंजाम देना कबूल किया उसके पास से मिला वाहन समान थाना क्षेत्र से ही चोरी हुआ था। इसके अलावा पांच चोरी की बाइकें आरोपी ने अपने घर वे पीछे झाड़ियों में छिपाना बताया पुलिस टीम उसे लेकर घर वे पीछे पहुंची, जहां से पांच बाइक बरामद हुई। तीन वाहन समान थाना व मनगवां, सिविल लाइन थाने से चोरी गए थे। एक बाइक के मालिक की अभी पहचान नहीं हो पाई है। आरोपी की पहचान कान्हा उर्फ कृष्णा रजक निवासी तुलसीनगर थान विश्विद्यालय के रूप में हुई है। पकड़े गए आरोपी ने शहर में बाइक चोरी कर रहे कई ओर आरोपियों के नाम बताए हैं। जिसके निशानदेही पर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है वहीं पूरे मामले की पूछताछ करने के बाद आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया।



### नगर निगम की आईईसी टीम द्वारा चलाया गया डोर टू डोर जागरुकता अभियान

**रीवा।** निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार दिनांक 18.05.2024 को शहर के रहवासी क्षेत्रों में डोर टू डोर जागरुकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में सभी नागरिकों को समझाईस दी गई कि अपने घरों से निकलने वाले कचरे को गीला एवं सूखा अलग करने के लिये 2 डस्टबीन का उपयोग करें एवं कचरे को बाहर न फेक कर कचरा गाड़ी में ही देवें साथ ही लोगो को समझाया गया की जो कचरा आप बाहर फेक रहे है उससे हमारा पर्यावरण प्रदूषित होता है एवं हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। सभी रहवासियो से अपील की गई कचरे को इधर उधर न फेंक कर कचरे को कचरा गाड़ी में दे जिससे हमारा शहर स्वच्छ और सुंदर बन सके। इसके साथ ही नागरिकों को अपने शहर को स्वच्छ रखने के लिए शपथ दिलाई गई 'अब रीवा शहर के सभी रहवासियो ने ठाना है रीवा को स्वच्छ बनाना है और 2024 में शहर को प्रथम स्थान दिलाना है' डोर टू डोर जागरुकता में आईईसी टीम के सदस्य, वॉर्ड दरोगा एवं वॉर्ड के नागरिकगण उपस्थित रहे।